[ इस प्रश्न-पत्र में कुल 4 मुद्रित पृष्ठ हैं ]

अनुक्रमांक.................

पेपर कोड : **15048**

यूनिक पेपर कोड : 2051002006

पेपर का नाम : हिंदी भाषा और तकनीक

कोर्स का नाम : B.Tech (CSE/ ECE/ EE)

अवधि : **2** घंटे पूर्णांक : 60

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए)

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
- सभी प्रश्नों के अंक समान हैं

1. कंठस्थ की विशेषताएँ बताते हुए इसकी अनुवाद प्रक्रिया पर चर्चा कीजिए। 6

   अथवा

   यूनिकोड क्या है? हिंदी भाषा को कंप्यूटर में लिखने के लिए यूनिकोड कैसे मदद करता है?

2. शब्दकोश क्या होते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं और इनकी क्या उपयोगिता है? 6

   अथवा

   संज्ञा को परिभाषित करते हुए इसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।

3. भाषा और बोली में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए। 6

   अथवा

   क्रिया की परिभाषा देते हुए प्रयोग और संरचना की दृष्टि से क्रिया के भेद उदाहरण सहित लिखिए।

4. 'माइक्रोसॉफ्ट इंडिक इनपुट टूल' क्या है? इसकी विशेषताएँ बताते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 6

अथवा

'ऑटोमैटिक स्पीच रिकग्निशन' क्या है? इसकी विशेषताएँ बताते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं 6 शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - 6

(क) लाभ

(ख) परिश्रमी

(ग) कनिष्ठ

(घ) आयात

(ङ) अनुराग

(च) जड़

(छ) मलिन

(ज) चंचल

6. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से किन्हीं 6 वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए- 6

(क) पिताजी के द्वारा यह सूचना मिली।

(ख) हम आपका दर्शन करने आए हैं।

(ग) हम आज नाश्ता भी नहीं किए।

(घ) वह जहाँ भी जाता है, उधर का ही हो जाता है।

(ङ) क्या यह संभव हो सकता है?

(च) अब काम समाप्त होने पर है।

(छ) इस इमारत के गिरने की संभावना है।

(ज) क्या तुमने हिमालय देखा है।

7. निम्नलिखित में से किन्ही 6 शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए- 6

(क) कलम

(ख) बनारस

(ग) गुलाब

(घ) गर्दन

(ङ) इलाज

(च) क्षमा

(छ) ढक्कन

(ज) समाज

8. किन्हीं 6 वाक्यों का दिए गए निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 6

(क) राहुल पुस्तक खरीदने पुस्तक मेले में गया। (संयुक्त वाक्य)

(ख) मेरे स्टेशन पहुँचते ही रेलगाड़ी चल पड़ी। (मिश्रित वाक्य)

(ग) बच्चे शोर कर रहे हैं। (निषेधवाचक वाक्य)

(घ) बिजली आई तो पंखा चलने लगा। (सरल वाक्य)

(ङ) हम घर पहुंचे तथा हमने ताले को टूटा पाया। (मिश्रित वाक्य)

(च) सीमा घर पर रहती है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(छ) वह सर्कस देखने शहर गया। (संयुक्त वाक्य)

(ज) वह पढ़ा और विद्यालय से चला गया। (सरल वाक्य)

9. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाविशेषण शब्दों को छाँटकर उनके भेद लिखिए - 6

(क) बच्चा चलते-चलते अचानक रुक गया।

(ख) पिताजी कल दिल्ली जाएंगे।

(ग) तुम इधर क्यों खड़े हो?

(घ) अब थोड़ा पढ़ लो।

(ङ) बिल्ली मेज के नीचे बैठी है।

(च) उसने कमरे में एकाएक प्रवेश किया।

10. निम्नलिखित शब्दों में से तीन हिंदी शब्दों का अंग्रेजी रूपांतर तथा तीन अंग्रेजी शब्दों का हिंदी रूपांतर लिखिए- 6

स्वीकृति, ज्ञापन, प्राधिकरण, राज्यपाल

Faculty, Corporation, Candidate, Allotment

(100)